'देश की तीन करोड़ से अधिक महिलाओं की सालाना आमदनी एक लाख रु.करने का लक्ष्य'

राज्य सरकार नारी शक्ति के उत्थान के लिए कृत संकल्पित : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केन्द्र और राज्य सरकार नारी शक्ति के उत्थान के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 बरसों में महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए केन्द्र सरकार ने कई योजनाएं चलाई हैं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री हर घर शौचालय योजना, हर घर नल योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना तथा पीएम आवास योजना जैसे कार्यक्रमों एवं योजनाओं के कारण देश की करोड़ों महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव आया है।

शर्मा बुधवार को देशव्यापी शक्ति वंदन अभियान के समापन के अवसर पर जयपुर में आयोजित समारोह को वर्चुअल रूप से सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह अभियान एक करोड़ स्वयं सहायता समूहों से सम्पर्क स्थापित कर 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प से जोड़ने के लिए चलाया गया है। देश की करोड़ों महिलाओं के प्रयासों को पहचान और सम्मान देना इसका लक्ष्य है।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बुधवार को देशव्यापी शक्ति वंदन अभियान के समापन के अवसर पर जयपुर में आयोजित समारोह को वर्चुअल रूप से सम्बोधित किया।

राजस्थान का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नारी शक्ति की धरती है। यहां की नारियों ने देश के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर किया है। ये भूमि पन्नाधाय, हाड़ीरानी और कालीबाई जैसी वीरांगनाओं के बलिदान और मीराबाई की भक्ति के लिए जानी जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार महिला सशक्तीकरण की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। लखपति दीदी योजना के माध्यम से महिलाओं में कौशल विकास कर उनकी सालाना आमदनी एक लाख रुपए की जाएगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने देश की 3 करोड़ से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। राजस्थान में भी इस योजना पर तेज गति से कार्य चल रहा है। राज्य सरकार ने स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से प्रदेश की 11 लाख 24 हजार महिलाओं को अगले तीन वर्षों में चरणबद्ध रूप से लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य तय किया है, जिनमें से 2.80 लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी की श्रेणी में आ चुकी हैं।

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की पहल पर संसद ने महिलाओं को सशक्त करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया है। इसके प्रभावी होने के बाद महिलाओं को लोकसभा एवं विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा और उनकी लोकतंत्र में भागीदारी बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं का आत्मसम्मान बढ़ेगा तो देश सशक्त होगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नारी शक्ति के उत्थान का संकल्प पूरा होगा।

■ 'राज्य की 11 लाख से अधिक महिलाएं आगामी तीन वर्षों में बनेंगी लखपति दीदी'

समापन समारोह में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड, स्वायत शासन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, सांसद सी.पी. जोशी, जयपुर ग्रेटर नगर निगम महापौरसौम्या गुर्जर, जयपुर जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी, स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

पूरा देश मोदी के साथ एक परिवार के रूप में खड़ा है : डॉ. पूनिया

■ 'विपक्ष कितना ही प्रोपेगेंडा करे, कितने ही अमर्यादित शब्द बोले, लेकिन नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है'

जयपुर, (का.सं.)। लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने जयपुर में मीडिया से बातचीत में कहा कि, भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कुशल नेतृत्व लोकसभा चुनाव में पूरे मिशन के लिए प्रतिबद्ध है, एनडीए को 400 सीटें, भाजपा को 370 सीटें और राजस्थान में भाजपा को 25 सीटें मिलें, इस बात के लिए पार्टी और कार्यकर्ता संकल्पित हैं। पार्टी धरातल पर निरंतर मजबूती की कवायद कर रही है, दूसरे लोग (कांग्रेस) जो नींद से जागते हैं और यहां भाजपा में लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर पार्टी का कोई कार्यकर्ता सोता नहीं है।

उन्होंने कहा कि पार्टी में जो उम्मीदवारों का चयन है वह देश में हर वर्ग को अलग-अलग तरीके से हर तबके को सम्मान देते हुए अच्छी सूची आई है और इसी तरीके से आगे भी कार्यकर्ताओं को अवसर मिलेंगे, आगामी दिनों में पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होने के बाद शेष नामों की घोषणा कर दी जाएगी। पूरा देश मोदी का परिवार है, मीडिया के इस सवाल के जवाब में डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि, 2014 में जब से प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी का आगमन हुआ है, तभी से कांग्रेस के पेट में लगातार दर्द हुआ है, क्योंकि इन विपक्ष के लोगों को सत्ता से बाहर नहीं रहने की आदत नहीं है, इनकी सत्ता की मलाई पर नरेंद्र मोदी ने पूरी तरीके से पाबंदी लगा दी है। ऐसे में कांग्रेस के पेट में दर्द होना स्वाभाविक था, लेकिन जिस तरीके के हल्के शब्दों का इस्तेमाल हुआ, प्रधानमंत्री पद की मर्यादा के खिलाफ जो कहा गया, वह चाहे लालू यादव कहे या कांग्रेस का कोई नेता कहे, देश की जनता इस तरीके की अमर्यादित भाषा को स्वीकार नहीं करती। यही कारण है कि विपक्षी लोगों ने जिस तरीके से हल्के शब्दों में प्रधानमंत्री पद की गरिमा के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की, उससे देश की जनता में रोष है और भारत की जनता एवं भाजपा का पूरा परिवार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ एकजुटता के साथ खड़ा हुआ है और जो भावनात्मक संदेश दिया है उसने नरेंद्र मोदी को और ज्यादा लोकप्रिय एवं ताकतवर बनाया है। नरेंद्र मोदी ने जिस तरीके से विकास की मजबूती से बुनियाद रखकर देश में बदलाव का काम किया है और भारत का नाम पूरी दुनिया में किया, आज मोदी देश की जरूरत हैं। विपक्ष कितना ही प्रोपेगेंडा करे, कितना ही उनका विरोध करे, जितने अमर्यादित शब्द बोले, लेकिन मुझे लगता है कि नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, उनको ताकत मिलती जा रही है। नरेंद्र मोदी इस समय देश की जरूरत हैं और पूरा 140 करोड़ का देश मोदी के साथ एक परिवार के रूप में खड़ा है, उनके इमोशन के साथ खड़ा है, उनके विजन के साथ खड़ा है।

दो सीटों पर गठबंधन का फैसला होने पर होगा कांग्रेस उम्मीदवारों का ऐलान

■ वागड़ में बाप और नागौर में आरएलपी से गठबंधन की चर्चा अंतिम दौर में

■ कांग्रेस कुछ सीटों पर वर्तमान विधायकों को मैदान में उतारेगी

जयपुर, (का.प्र.)। राजस्थान की 25 लोकसभा सीटों को लेकर कांग्रेस में उम्मीदवार तय करने की प्रक्रिया अंतिम दौर में है और कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की कई दौर की बैठकों के बाद में महत्वपूर्ण बात यह निकलकर आई है कि राजस्थान की 25 में से 23 सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दे रही है। वहीं दो सीटों पर अभी चर्चा गठबंधन को लेकर हो रही है। इनमें से बांसवाड़ा-डूंगरपुर पर बाप और नागौर सीट पर हनुमान बेनीवाल की पार्टी आरएलपी के साथ में गठबंधन की चर्चा की जा रही है। अब गठबंधन के बाद में कांग्रेस खुद का उम्मीदवार उतारती है या गठबंधन करने वाले दलों को यह सीट देती है, इस पर अंतिम फैसला होना है।

दरअसल राजस्थान में 2014 और 2019 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस खाता नहीं खोल पाई थी, लेकिन इस बार कांग्रेस हर संभव प्रयास कर रही है कि न सिर्फ राजस्थान में लोकसभा में खाता खुले, बल्कि 5 से 7 सीटें ऐसी है जिन पर पार्टी खुद को मजबूत मानते हुए जीत की उम्मीद लगा रही है। ऐसे में नागौर और बांसवाड़ा- डूंगरपुर सीटों पर छोटे दलों के साथ गठबंधन करके पार्टी इन दो सीटों पर भी खुद को मजबूत बनाना चाह रही है। वहीं कुछ भाजपा के नेताओं के साथ में कांग्रेस नेताओं का संपर्क हुआ है, लेकिन अभी इस बात का खुलासा पार्टी नहीं करना चाहती। पार्टी नेताओं का कहना है कि रणनीति के तहत भाजपा के इन नेताओं को अंतिम समय पर पार्टी में शामिल करके भाजपा को चौंकाने का काम करेंगे।

दरअसल राजस्थान में कांग्रेस श्रीगंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनूं, सीकर, जयपुर ग्रामीण, दौसा, टोंक-सवाई माधोपुर, करौली-धौलपुर, कोटा, नागौर और बाड़मेर में खुद की स्थिति को भाजपा के मुकाबले मजबूत मान रही है। वही जोधपुर और पाली में भी पार्टी किसी नए चेहरों को उतारकर भाजपा को टक्कर देने के बारे में सोच रही है। कांग्रेस 4 से 5 विधायकों को भी लोकसभा का चुनाव लड़ने के बारे में सोच रही है।

जहां तक गठबंधन की बात है तो आरएलपी के हनुमान बेनीवाल के साथ गठबंधन करके पार्टी नागौर और बाड़मेर सीटों पर वोटों के बंटवारे को रोकना चाहती है, क्योंकि इन दोनों लोकसभा सीटों के तहत आने वाली विधानसभा सीटों पर हनुमान बेनीवाल की पार्टी आरएलपी के उम्मीदवारों को अच्छी संख्या में वोट हासिल हुए थे। अब यदि यह वोट कांग्रेस के पाले में आ जाते हैं, तो इन सीटों पर कांग्रेस को मजबूती मिल सकती है। हालांकि गठबंधन में नागौर सीट हनुमान बेनीवाल को दी जाएगी या फिर पार्टी उनका सहयोग ही हासिल करेगी। इस बारे में अभी अंतिम फैसला नहीं हुआ है। वैसे भी नागौर में भाजपा की उम्मीदवार बनी ज्योति मिर्धा और हनुमान बेनीवाल के बीच अदावत जग जाहिर है और दोनों एक दूसरे के खिलाफ खुलकर बयानबाजी करते रहे हैं। ऐसे में इस बार हनुमान बेनीवाल भाजपा के साथ तो किसी हालत में नहीं जाएंगे और यही बात कांग्रेस के लिए फायदेमंद साबित होती दिख रही है।

जोधपुर और बाड़मेर में सीबीआई के छापे

जयपुर। सीबीआई ने मनी लॉड्रिंग के मामले में जोधपुर, बाड़मेर में एक साथ कार्रवाई करते हुए सर्च अभियान चलाया। सीबीआई के सौ से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम ने बैंक धोखाधड़ी के मामले में अलग-अलग इलाकों में कार्रवाई की। हालांकि इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

सूत्रों के अनुसार जोधपुर शहर से 14 किलोमीटर दूर ओटीसी रिसोर्ट में सीबीआई की टीम पिछले दो दिनों से डेरा डाले हुईहै। टीम लोहावट, ओसियां और फलौदी व जोधपुर में विभिन्न ठिकानों में पड़ताल साथ ही दो बैंकों में वित्तीय लेनदेन को लेकर खातों की भी जांच की जा रही है। सीबीआई टीम ने आज बाड़मेर के चौहटन के शोभाला दर्शान गांव में दबिश दी। इस दौरान कुछ लोगों को हिरासत में लेने की खबर है। सूत्रों के अनुसार आरबीआई द्वारा सूचना देने के बाद सीबीआई की टीमों की हरकत में आने की चर्चा है।सीबीआई की टीम में दिल्ली और हरियाणा की गाड़ियां शामिल है। कई महत्वपूर्ण दस्तावेज हाथ लगने के साथ ही इनकी सूचना दिल्ली मुख्यालय में दी जा रही है।

डीटीडीसी कार्गो कोरियर कंपनी पर आयोग ने लगाया हर्जाना

जयपुर, (का.सं.)। जिला उपभोक्ता आयोग, जयपुर-प्रथम ने शुल्क लेकर पार्सल बुक करने के बाद उसे गंतव्य स्थान पर नहीं भेजने को सेवा दोष माना है। इसके साथ ही अदालत ने डीटीडीसी कार्गो कोरियर लि. पर 8 हजार रुपए हर्जाना लगाया है। वहीं कंपनी को निर्देश दिया है कि वह कोरियर शुल्क की राशि 80 रुपए परिवाद दायर करने की तारीख 3 जुलाई 2015 से 9 प्रतिशत ब्याज सहित परिवादी को लौटाए। आयोग के अध्यक्ष डॉ. सूबे सिंह व सदस्य नीलम शर्मा ने यह आदेश चन्द्र प्रकाश जांगिड के परिवाद पर दिए। आयोग ने कहा कि कंपनी को जब कोरियर का पार्सल नहीं भेजना था तो शुल्क लेकर उसकी बुकिंग नहीं करनी चाहिए थी। इससे कंपनी की सेवा में कमी साबित होती है।

परिवाद में कहा गया की परिवादी ने 19 जून 2015 को एक पार्सल अलवर भेजने के लिए कोरियर कंपनी को तय शुल्क भुगतान कर दिया था। कंपनी प्रतिनिधि ने उसे आश्वस्त किया कि 20 जून तक पार्सल आवश्यक रूप से गंतव्य स्थल तक पहुंच जाएगा। जब परिवादी ने पार्सल भेजने वाली जगह पर 23 जून को फोन किया तो पता चला कि पार्सल वहां पर पहुंचा ही नहीं है। कोरियर कंपनी में जाने पर पता चला कि उन्होंने पार्सल को व्यावसायिक उपयोग का होने के चलते भेजा ही नहीं था। इसे परिवादी ने उपभोक्ता आयोग में चुनौती देते हुए कोरियर कंपनी से हर्जा-खर्चा सहित कोरियर शुल्क ब्याज सहित दिलवाए जाने का आग्रह किया। जिस पर सुनवाई करते हुए आयोग ने कोरियर कंपनी पर हर्जाना लगाते हुए लिया गया शुल्क ब्याज सहित लौटाने को कहा है।

चुनावी बांड मामले में कांग्रेस करेगी विरोध प्रदर्शन

जयपुर, (का.प्र.)। चुनावी बॉन्ड मामले में सुप्रीम कोर्ट की ओर से एसबीआई को 6 मार्च तक जानकारी सार्वजनिक करने के आदेश के बावजूद सुप्रीम कोर्ट में एसबीआई की ओर से जून तक समय मांगने के विरोध में कांग्रेस एसबीआई की शाखाओं पर प्रदर्शन करेगी। जयपुर शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष आर तिवारी ने बताया कि एसबीआई सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद चुनावी बॉन्ड मामले में जानकारी सार्वजनिक नहीं करके भाजपा की ओर से किए गए भ्रष्टाचार और केंद्रीय एजेंसियो का दुरुपयोग करके चंदा लेने का मामला छिपाना चाहती है।

समाज में बदलाव लाने के लिए बेटियों को बराबर के अवसर दें : दिया कुमारी

जयपुर, (का.सं.)। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि महिला अत्याचार, दहेज जैसी सामाजिक बुराइयों की शुरूआत घर से होती है, इसलिये यदि हमें इन बुराइयों का अंत करना है, तो इसकी शुरूआत अपने घर से ही करनी होगी तभी महिलाएं सही मायने में सशक्त बनेंगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि घर के काम जब हम बेटा और बेटी दोनो से करवाएगें तो बेटों की सोच का दायरा बढ़ेगा और वे इस बात को समझेंगे कि महिला और पुरूष में कोई छोटा बड़ा नहीं होता। उपमुख्यमंत्री बुधवार को आरबीएल बैंक की ओर से भवानी निकेतन कॉलेज ग्राउण्ड में सीएसआर के तहत विद्याधर नगर क्षेत्र की 400 गरीब बालिकाओं को साइकिल एवं स्कूल किट वितरण के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी बुधवार को आरबीएल बैंक की ओर से भवानी निकेतन कॉलेज ग्राउण्ड में सीएसआर के तहत विद्याधर नगर क्षेत्र की 400 गरीब बालिकाओं को साइकिल एवं स्कूल किट वितरण समारोह में शामिल हुईं।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जो माता पिता बेटियों की उपेक्षा कर उन्हें अवसर नहीं देते हैं, वे उनके साथ अन्याय कर रहे हैं। हमने देखा है कि जब-जब बेटियों को अवसर मिला है वे बेटों से भी दो कदम आगे रही हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी माताओं, बहनों और बच्चियों की आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करे रहे हैं, लेकिन ये तभी सार्थक होंगे जब लोगों की मानसिकता में बदलाव आएगा। आरबीएल बैंक द्वारा सीएसआर के तहत गरीब वर्ग की बालिकाओं को साइकिल एवं स्कूल किट वितरण के निर्णय की प्रशंसा करते हुए उप मुख्ममंत्री ने कहा कि आरबीएल की यह पहल अनुकरणीय है, इससे अन्य संस्थाओं को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी महिला उत्थान की दिशा में आगे आएंगी।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों ने बालिकाओं को साइकिल एवं स्कूल किट प्रदान की। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ों लोगों के साथ उपमुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का लाइव टेलिकास्ट भी देखा।

तीये की बैठक



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी माताजी श्रीमती

उच्छब कँवर

धर्मपत्नी स्व. श्री रामपाल सिंहजी राठौड (ठिकाना-पारली) का स्वर्गवास दिनांक 05.03.2024 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक दिनांक 07.03.2024 (गुरुवार) को हमारे निवास स्थान क्वार्टर नं.4, सेक्टर-4, PHED कैंपस, विद्याधर नगर पर सांय 4 से 5 बजे तक होगी।

शोकाकुल- राजेन्द्र सिंह, शेखर सिंह, गजेन्द्रसिंह, किशन सिंह एवं समस्त राठौड परिवार। मो.9694503237



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी

श्री नंदकिशोर जी गढवाल

का स्वर्गवास दिनांक 05.03.2024 को हो गया है। तीये की बैठक दिनांक 07.03.2024 गुरुवार को सांय 5 से 6 बजे निवास स्थान- 42, कैलाशपुरी मुस्लिम स्कूल के पीछे, मोती डूंगरी रोड, जयपुर पर होगी।

शोकाकुलः- तेजालाल, धन्नालाल, पन्नालाल, गणेश, पप्पू, रमेश (भाई), ललित, ईश्वर (पुत्र) लेखू, लालचंद, गौतम, आकाश, राधे, सुंदर, मगन, सुशील (भतीजे) राहुल, लक्ष्य, हार्दिक, गोपेश, काव्यांश, हृदयांश (पौत्र) एवं समस्त गढवाल परिवार।

7742203217, 8949701162



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है की हमारी पूजनीया

श्रीमती ईश्वरी देवी लालवानी

(धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री दानोमल लालवानी) का स्वर्गवास 05.03.2024 को हो गया। तीये की बैठक (जनाना-मर्दाना) 07.03.2024 गुरुवार को सायं 4:30 बजे गीता भवन, बीस दुकान, आदर्श नगर पर होगी।

शोकाकुलः- टेकचंद लालवानी (देवर), कन्हैयालाल- राधा लालवानी (देवर-देवरानी), घनश्याम- लता लालवानी (पुत्र- पुत्रवधू), पुष्पा लालवानी (पुत्रवधू), पलक लालवानी (पोती), कवीता छुगानी (पुत्री)- दीपक, इशू (दोहिते), करन-मायरा लालवानी (पोत्र- पोत्रवधू), प्राची- संजय (पोती- दामाद), फर्म- लालवानी, मोनिका फुटवियर (बापू बाज़ार), लालवानी टेक्सटाइल्स (सांगानेर)

नोटः- यह अंतिम बैठक है।

शोक सन्देश

हमारे प्रिय कँवर साहब

श्री मुरारीलाल अग्रवाल

बडा गाँव जाहोता वाले का आकस्मिक स्वर्गवास दिनांक 22.02.2024 को हो गया है।

शोकाकुल- रामगोपाल, रामोतार, ओम प्रकाश, सुरेश, राजेश, अनुप, संजय एवं समस्त शेखावाटिया परिवार बगरू वाले। मो. 9214096517

नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

PUBLIC NOTICE

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रितेश शर्मा द्वारा योजना शाखा द्वितीय में 35, गोवर्धन कॉलोनी (पथिक भवन गृह निर्माण सहकारी समिति) स्कीम नं. 8 सी, स्वेज फार्म, सोडाला, जयपुर योजना में नाम हस्तांतरण व फ्री होल्ड पट्टे हेतु आवेदन किया गया है; इस बाबत कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जाएगा कि किसी व्यक्ति/ संस्था/ हितधारी को कोई आक्षेप नहीं ही और मामले का तदनुसार निपटारा किया जाएगा।
द्वारा –उपायुक्त, सिविल लाईन जोन, नगर निगम हेरिटेज, जयपुर

Office of the Ex
PHED, Distt Ru
Email ID - eepheddn1bkn@gma
No. 4305-28
Notice Inviting Bi
Bid for various works are invited
08.03.2024 upto 02.00 PM. Other p
Procurement Portal http://eproc.raja

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक:17423 जाहिर आम-सूचना दि:06.03.2024
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास / फ्लैट संख्या 18/J/22 (6-F) (MIG-B), (एरिया 84.206 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री सौरभ माथुर पुत्र श्री टी.पी. माथुर को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 4896 दिनांक 01.07.2015 को जारी किया गया। श्री सौरभ माथुर के पक्ष में उक्त फ्लैट के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 19.02.2018 को जारी कर दिये गये। श्री सौरभ माथुर की मृत्यु दिनांक 23.02.2023 को हो जाने के कारण श्रीमती रंगोली माथुर पत्नी स्व. श्री सौरभ माथुर, श्री राघव माथुर पुत्र स्व. श्री सौरभ माथुर एवं सुश्री प्रांजल माथुर पुत्री स्व. श्री सौरभ माथुर द्वारा उक्त आवास/फ्लैट को अपने नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास/ फ्लैट के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं, श्रीमती रंगोली माथुर पत्नी स्व. श्री सौरभ माथुर, श्री राघव माथुर पुत्र स्व. श्री सौरभ माथुर एवं सुश्री प्रांजल माथुर पुत्री स्व. श्री सौरभ माथुर का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य मोहन लाल बैरवा पुत्र स्व.रामनाथ उम्र 51 वर्ष जाति-बैरवा निवासी 78-ए तिरूपति बालाजी नगर बैरवा कॉलोनी सांगानेर जयपुर। यह कि मेरी पत्नी मुन्नी देवी व सन्तानें सत्री (पुत्र) शिवराज (पुत्र) दिव्या देवी उर्फ मीनू पुत्री मेरे कहने में नही है। इन सभी का व्यवहार / आचरण मेरे प्रति ठीक नही है। इसलिए मैं अपनी समस्त चल-अचल एवं पैतृक सम्पति व नौकरी से मिलने वाली पेंशन, बैंक में जमा धन एवं एल.आई.सी में मिलने वाले परिलाभ से इन सबको बेदखल करता हूँ। यदि कोई व्यक्ति / संस्था इनसे लेनदेन या व्यवहार करते है व स्वयं जिम्मेदार रहेगें। इसमे मेरे अभिभाष्य का कोई उत्तरदायित्व नही रहेगा। सूचित रहे।
जयपुर (महेश सुवालकी) एडवोकेट
दिनांक-6/3/2024 मो.-8562018053

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक:17424 जाहिर आम-सूचना दि:06.03.2024
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास/ फ्लैट संख्या 94/7 (HIG), (एरिया 189.000 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्रीमती विभा दाधीच पत्नी विंग कमांडर एच. सी दाधीच को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 2524 दिनांक 10.12.1996 को जारी किया गया। 1. श्री सौरभ माथुर पुत्र श्री तेजपाल माथुर एवं 2. श्रीमती रंगोली माथुर पत्नी श्री सौरभ माथुर के पक्ष में उक्त आवास/फ्लैट का नियमितिकरण पत्र क्रमांक 2448 दिनांक 25.03.2004 के द्वारा किया गया। श्री सौरभ माथुर एवं श्रीमती रंगोली माथुर के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 27.03.2004 को जारी कर दिये गये। श्री सौरभ माथुर की मृत्यु दिनांक 23.02.2023 को हो जाने के कारण इनके वारिस श्रीमती रंगोली माथुर पत्नी स्व. श्री सौरभ माथुर, श्री राघव माथुर पुत्र स्व. श्री सौरभ माथुर एवं सुश्री प्रांजल माथुर पुत्री स्व. श्री सौरभ माथुर द्वारा उक्त आवास/फ्लैट को अपने नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास/ फ्लैट के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं, श्रीमती रंगोली माथुर पत्नी स्व. श्री सौरभ माथुर, श्री राघव माथुर पुत्र स्व. श्री सौरभ माथुर एवं सुश्री प्रांजल माथुर पुत्री स्व. श्री सौरभ माथुर का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

PROCUREMENT OF SERVER COMPUTER

Tenders are invited for procurement of server computer. Component required are as under:-

Sr. No	Component	Description Parts Required
1.	Operating System	Windows Server 2012-2016 (64 Bit)
2.	CPU	Intel Xeon 3.0
3.	Storage	1 TB SSD & 1 TB HDD
4.	RAM	32 GB
5.	USB Port	Minimum 8 Port
6.	DVD Writer	Required
7.	USB Hub with power adaptor	Required

Tender forms should be submitted in closed envelope at Sapta Shakti Canteen, Sawai Jai Singh Marg, Bani Park, Jaipur-302016 by 14 Mar 24 till 1300 hrs.

Contact No. 9461095508

LOST FOUND

While travelling from Jyoti Nagar to Nagar Nigam office on March 01, 2024 we lost the following documents for our plot number 342, Vinoba Vihar: Original Allotment letter of the house, Original site plan, and Original society receipt dated 13/04/1999. Original Society Patta. If anyone comes across these papers, please contact us on +91 8744054233

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम वंश (Vansh) से बदलकर वंश गोयल (Vansh Goyal) रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम वंश गोयल (Vansh Goyal) पुत्र अजय कुमार गोयल के नाम से जाना पहचाना जावें। निवासी 75/27 टैगोर लेन, शिप्रापथ, मानसरोवर, जयपुर।

मैंने मेरा नाम मुक्ता बोदानी से बदलकर मुक्ता हंस पुत्री भगवान दास हंस रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। मुक्ता हंस पुत्री भगवान दास हंस 1171/25 ईसाई मोहल्ला, दयानंद कॉलोनी, अजमेर

I Rogimol N.E. D/o Mr. Erani R/o Sophia School Campus Mirshali Jaiur Road, Ajmer Rajasthan 305001. Changed my Name from Rojimol N.E. toSister Rachel Erani in future called me "Sister Rechel Erani" for all purose.

I have changed my name Sandeep Rai to Sandeep Rai Phutela for all future purpose. Address: B-506 Manglam Aroma, Patrakar Colony, Mansarovar, Jaipur.

I army no 3002784N Ex NK (ACP HAV) babu lal gurjar S/o prabhati lal gurjar R/o village post begus tehsil district jaipur that have changed my son name from Nagender Singh to Nagendra Singh & Daughter name From Sunakshi to Sunakshi Gurjar vide affidavit dated 24 January 2024 before district notary Jaipur.

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/1746 दिनांक-29.08.2023

जाहिर आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 111/183. मानसरोवर, जयपुर क्षेत्रफल 105.00 वर्ग मीटर/ वर्ग गज का आवंटन श्री राजकुमार काला पुत्र श्री सी.एल. काला को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 2630 दिनांक 30.03.1992 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 22.05.1992 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 785 दिनांक 20.04 2002 के द्वारा श्री राजकुमार काला पुत्र श्री सी.एल. काला के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 07.05.2002 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री राजकुमार काला की मृत्यु दिनांक 27.12.2017 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री सचिन काला पुत्र स्व. श्री राजकुमार काला ने मृत्यु पश्चात् नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञिप्त प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें। अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री सचिन काला पुत्र स्व. श्री राजकुमार काला के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.) आमेर, जिला जयपुर
क्रमांक-भू.अ./2024/1979 दिनांक-6/3/24
आम सूचना का नोटिस
हर आम खास को सूचित किया जाता है कि ग्राम मानपुरा माचेडी की कृषि भूमि खाता संख्या 1142 ख0न0 1821, 1822, 1824, 1826 किता 04 कुल रकबा 2.81 हेक्टे0 तथा खाता संख्या 552 ख0न0 1818, 1823, 2081, 3495/4012, 505, 506/3779 कुल किता 6 कुल रकबा 1.72 हेक्टे. में मृतक खातेदार हिम्मत सिंह पुत्र श्याम सिंह जाति राजपूत के वारिसान की जांच करने पर हिम्मत सिंह के वारिसान में शंकर सिंह को दत्तक पुत्र व पुष्पा कंवर को पुत्री बताया गया एवं मुताबिक जांच रिपोर्ट ग्राम पंचायत द्वारा कुर्सीनामा जारी कर वारिसान हिम्मत सिंह के एक दत्तक पुत्र शंकर सिंह व एक पुत्री पुष्पा कंवर के नाम जारी किया गया है तथा मृतक हिम्मत सिंह की एक जाईन्दा पुत्री पुष्पा कंवर द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र में मात्र एक पुत्री पुष्पाकंवर होना बताया है। अतः मुताबिक पटवारी हल्का रिपोर्ट में वारिसान को लेकर विरोधाभास होने से प्रकरण भू.राजस्व अधिनियम की धारा 135 (2) के तहत इस न्यायालय में विचाराधीन है। प्रकरण में यदि किसी को कोई उज-एतराज, अथवा आपत्ति हो तो, प्रकरण में नियत आगामी तारीख पेशी 27/3/2024 को न्यायालय हाजा में अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा प्रकरण का एकतरफा निस्तारण कर दिया जावेगा। सूचित रहे।
यह नोटिस आज दिनांक 6/3/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय की मुद्रा से जारी किया गया।
तहसीलदार (भू.अ.) तहसील आमेर

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय सिविल जज एवं न्यायायिक मजिस्ट्रेट कोटपूतली
देवेन्द्र विरूद्ध अशोक कुमार सोनी
दावा वसूली
वाद सं. 63सन् 2023
बनाम-अशोक कुमार सोनी पुत्र श्री मंगतूराम सोनी जाति सुनार निवासी एम्मानुएल स्कूल के पास, बानसूर रोड, मौहल्ला बड़ावास कोटपूतली जिला कोटपूतली वादी ने आपके विरूद्ध वसूली के लिय वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 18 माह 03 सन् 2024 को दिन में 10.00 ए.एम. बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/ मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन मे साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह वाद ता. 05 माह 03 सन् 24 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
मोहर अदालत सिविल न्यायाधीश न्यायिक मजिस्ट्रेट कोटपूतली जिला-जयपुर (राज.)

सम्मन बनाम कायम मुकाम
(आर्डर 22 रूल 4 जाब्ता दीवानी)
अज अदालत जिला एवं सत्र न्यायालय जयपुर जिला जयपुर
कैलाश चन्द्र स्वर्णकार बनाम छगनलाल
दावा बाबत दावा वसूली
मुकदमा नं. सी-3 199/2019
बनाम
मुसम्मी (1) मनभर देवी पत्नि श्री छगनलाल (2) मीना देवी पत्नि श्री कैलाश चन्द्र कौम... साकिन निवासी 82, रिद्धी-सिद्धी नगर हरनायपुरा झोटवाड़ा, जयपुर चूंकि वादी ने इस अदालत में तारीख...मा...सन 20...को 1. कैलाश चन्द्र बनाम 2. छगनलाल दायर की जो कि बाद में फोत हो गया और चूंकि वादी मजकूर के दरख्वास्त अदालत हाजा में यह जाहिर करने की आप मुतवफि प्रतिवादी-1 मजकूर के कायम मुकाम जायज हो और इस्तदुआ की है बजाय उसके आप 3. कायम मुकाम बनाये जावें।
लिहाजा बजरिये हाजा बगर्ज जवाबदेही 1. आप आपको तारीख 27 माह 03 सन् 2024 को अदालत हाजा में हाजिर होने के लिए तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर न होने पर मुकद्मा आपकी गैर हाजिरी में सुना व फैसला किया जावेगा।
बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 27 माह 02 सन् 2024 को जारी किया गया।
मोहर आज्ञा से-दस्तखत वरिष्ठ मुंसरिम ओहदा जिला न्यायालय जयपुर जिला, जयपुर

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
व्यवहार मिश्रित (मुतफरिक) वाद सं. 122/2024
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम कविता देवी पत्नि स्व. श्री गोपाल दास त्रिलोकवानी जाति सिन्धी विवाद स्थान 868, डिफेन्स कॉलोनी, शाहपुरा बाग के पीछे, आमेर, आमेर रोड (आमेर रोड) जयपुर राजस्थान
मृतक गोपाल दास त्रिलोकवानी की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 09.04.2024
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम गोपाल दास त्रिलोकवानी पुत्र स्व.श्री मोटू मल जाति सिन्धी, निवासी 868, डिफेन्स कॉलोनी, शाहपुरा बाग के पीछे, आमेर रोड, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें। अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 09 माह 04 सन् 2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 02 माह 03 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
मोहर अदालत आज्ञा न्यायालय से-वरिष्ठ मुंसरिम जिला एवं सैंशन न्यायालय जयपुर महानगर-द्वितीय

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
व्यवहार मिश्रित (मुतफरिक) वाद सं. 325/23
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम श्रीमति कोयल उर्फ कोमल पत्नि ललित कुमार जाति कोली निवासी मकान नं. 10, राधिका विहार, आगरा रोड, जयपुर-302031 रानजानी विवाद स्थान मकान नं. 13, (सेवा सदन) गांधी कॉलोनी, गेटोर रोड ब्रह्मपुरी, जयपुर
मृतक ललित कुमार की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 13.03.2024
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम ललित कुमार पुत्र स्व. श्री गणेश लाल जाति कोली निवासी हेमराज महावर का मकान मकान नं. 13 गाँधी कॉलोनी, गेटोर रोड ब्रह्मपुरी जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 13 माह 03 सन् 2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 19 माह 02 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
मोहर अदालत आज्ञा न्यायालय से-वरिष्ठ मुंसरिम जिला एवं सैंशन न्यायालय जयपुर महानगर-द्वितीय